# चौमूं की प्रसिद्ध मिठाई दुकान विजयवर्गीय स्वीट्स का निरीक्षण

## मिठाई की दुकान में भारी गंदगी और अनियमितताएं मिली



विजयवर्गीय स्वीट्स के निरीक्षण में नमकीन तलने की कढाही से तेल का सैंपल लिया गया।

**कलाडेरा/चौमूं/जयपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री के निर्देशों पर प्रदेश में निरंतर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 10 सितंबर को देर शाम चौमूं की प्रसिद्ध मिठाई की दुकान विजयवर्गीय स्वीट्स पर खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में निरीक्षण कार्रवाई की गई।

- **मिठाइयों में कृत्रिम रंगों का उपयोग किया जा रहा था, कृत्रिम रंगों के डिब्बे जब्त**

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि विजयवर्गीय स्वीट्स के कारखाने का निरीक्षण किया गया, जहां काफी अनियमितताएं पाई गईं। यहां काफी गंदगी पाई गई।

खाद्य सामग्री बिना ढके हुए रखी थी साथ ही, मिठाइयों में कृत्रिम रंगों का उपयोग किया जा रहा था। कृत्रिम रंगों के डिब्बे जब्त किए गए। मिठाई बनाने वाले स्थान पर बीचों बीच गंदे पानी की नाली थी। नमकीन तलने की कढाही में गंदगी जमी हुई थी। जिस तेल में नमकीन बनाई जा रही थी, उसे दो दिन से बदला नहीं गया था, जिसका सैंपल भी लिया गया। साथ ही मौके पर चूहे भी दौड़ते हुए पाए गए, जिस आलमारी में लड्डू बनाकर रखे हुए थे, वह जंग लगी हुई थी। फर्म को नोटिस दिया गया है। साथ ही मिठाइयों के सैंपल भी लिए गए हैं, जिन्हें लेबोरेटरी में भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, नरेंद्र शर्मा, नरेश चेजारा, पवन गुप्ता भी शामिल थे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## मृतका के शरीर पर चोटों के भी निशान मिले, जांच शुरु



मृतक विवाहिता।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के शरीर पर चोटों के भी निशान मिले हैं। परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

प्रताप नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जवाहर नगर निवासी महेंद्रसिंह राजपूत की पत्नी बेबी कंवर (22) को मंगलवार दोपहर हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह प्रताप नगर पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने एमजी अस्पताल पहुंची। इस दौरान मृतका के भाई लाडपुरा हाल आजाद नगर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र शिव सिंह सौलंकी ने एक रिपोर्ट पुलिस को दी, जिसमें उसने बताया कि बेबी कंवर राठौड़ पुत्री शिव सिंह सौलंकी ने चार-पांच साल पहले महेन्द्र सिंह राठौड़ के साथ लव मैरिज की थी। तब से ही महेन्द्र सिंह के साथ रहकर पत्निधर्म का पालन कर रही थी। बेबी कंवर ने एक पुत्र युवराज सिंह को जन्म दिया, जो दो वर्ष का है। करीब 3 माह से वे जवाहर नगर में किराये के मकान में निवास कर रहे हैं। भाई कुलदीप का आरोप है कि महेन्द्र सिंह व उसकी बहिन मौनिका कंवर व बहनोई आये दिन बेबी कंवर को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे।

- **परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया**

परिजनों को बेबी ने बताया था कि अगर महेन्द्र सिंह के साथ रहना है तो माता-पिता व भाई से पांच लाख रूपये लेकर आने की मांग की जा रही है। बेबी कंवर का पति महेन्द्र सिंह, उसकी बहिन मौनिका कंवर व बहनोई उसे आये दिन दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, जिसकी पूर्व में भी करेड़ा थाने में रिपोर्ट दी गई थी। पहले बेबी कंवर के साथ मारपीट भी हुई थी।

भाई ने कहा कि नौ सितंबर को वह कोटा में था। तब दिन के करीब 1-2 बजे के लगभग उसे फोन आया कि बहन बेबी कंवर को जहर दिया गया है। उसकी हालत खराब होने से महात्मा गांधी अस्पताल भीलवाड़ा में भर्ती है। इस पर कुलदीप 10 सितंबर की रात करीब 10 बजे अस्पताल आया तो बेबी वेन्टीलेटर पर थी। उससे बात करने की कोशिश की लेकिन वह कुछ नहीं बोल पायी और रात करीब एक बजे उसकी जहर के कारण मौत हो गयी। कुलदीप का आरोप है कि उसकी बहन को आरोपितों ने दहेज के खातिर प्रताड़ित कर मारपीट की और जहर देकर मारा है, जिसकी पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

# मांडलगढ़ की आबादी बस्ती में मगरमच्छ आने से दहशत फैली



मांडलगढ़ कस्बे की बस्ती में आए मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया।

**माण्डलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ कस्बे में बुधवार सुबह बस स्टैंड के पास आबादी के एक नाले में मगरमच्छ को देख लोगों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

आशंका जताई जा रही है कि मगरमच्छ निकट के गोवटा बांध या मैनाली नदी से मांडलगढ़ जालेश्वर तालाब की रपट के नाके तक पहुंचा है। सूचना मिलने पर मगरमच्छ का रेस्क्यू करने वन विभाग की टीम और नगर पालिका के सफाईकर्मी व कुछ स्थानीय युवकों ने मौके पर पहुंचकर रस्सी से मगरमच्छ को काबू में करने का प्रयास किया। इस दौरान मगरमच्छ को देखने वाले लोगों की भीड़ के कारण

- **बांध या नदी से निकलकर बस स्टैंड के नाले में आ गया था मगरमच्छ**
- **आबादी के एक नाले में मगरमच्छ को देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी**

वन विभाग की टीम को रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी वक्त लगा। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू कर बूंदी जिले के वाइल्ड लाइफ़ फारेस्ट एरिया के भीमलत बांध में छोड़ा गया, तब जाकर कस्बे के बस स्टैंड के मोहल्लावासियों ने राहत की सांस ली।

# युवक ने सुसाइड किया


**हिंडौन सिटी,** (निसं)। सूरौठ थाना क्षेत्र के आलावाड़ा स्थित एक पुरा निवासी मजदूर ने मंगलवार रात को आर्थिक तंगी से परेशान होकर फांसी का फंदा लगा लिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

सूरौठ थाना के एएसआई रामनिवास ने बताया कि मृतक आलावाड़ा निवासी हरिओम जाटव (48) पुत्र काडया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात करीब 11:30 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद सूरौठ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहां फांसी पर लटके हुए शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारा गया। पुलिस शव लेकर रात को जिला अस्पताल पहुंची।

पुलिस के अनुसार मृतक के पिता ने इस मामले में पुलिस को रिपोर्ट दी है, जिसमें बताया कि उसके पुत्र हरिओम जाटव ने आर्थिक तंगी व कर्ज से परेशान होकर फांसी लगा आत्महत्या की है। घटना के दौरान मृतक की पत्नी व परिवार वाले गांव में नहीं थे। उन्हें रात को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, तो मृतक का परिवार गांव पहुंच गया। पोस्टमॉर्टम कार्रवाई के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। परिजनों ने बताया कि मृतक फर्नीचर का कार्य करता था। उसके दो पुत्र व सबसे बड़ी पुत्री है।

# बरसात से अजमेर शहर में कई जगह हालात खराब, लोग घरों में कैद

## स्कूल जाने के लिए बच्चों को कमर तक के पानी से निकलकर स्कूल जाना पड़ रहा है



अजमेर के शक्ति नगर की गलियों में पानी भरा होने से लोग घरों में कैद है।

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर में इन दिनों लगातार हो रही बरसात के कारण शहर के हालात बिगड़े हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर अजमेर शहर के दक्षिण विधानसभा व पुष्कर विधानसभा के अजमेर में स्थित शक्तिनगर आम का तालाब में बरसात के पानी ने अपना कहर बरपा रखा है, जिसके कारण यहां के लोग अपने घरों में कैद हैं तो वहीं स्कूल जाने के लिए बच्चों को कमर तक के पानी से निकलकर स्कूल जाना पड रहा है।

वार्ड नम्बर 54 के स्थानीय पार्षद सुनिल धानका ने बताया कि शक्ति नगर वार्ड नम्बर 54 में कुल 6 मड पंप लगे हुए है, जिसमे से एक पंप एडीए का है तो वहीं 5 पंप नगर निगम की ओर लगाए हुए हैं, यह पंप भी दिन में दो-तीन घंटे तक ही चल पाते हैं, जिसके कारण पानी जितना निकलता नहीं उससे ज्यादा पानी यहां आ रहा है। पार्षद सुनिल धानका ने अजमेर नगर निगम के आयुक्त से मुलाकात कर आम के तालाब की मोरी खुलवाने पर भी बात की है, लेकिन अधिकारियों ने देर शाम तक कोई सुध नहीं ली। जिसके कारण पाल के आस-पास बने मकानों मे रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो इन लोगों तक तो कोई सरकारी मदद नहीं पहुंच पा रही है और न ही कोई खाद्य सामग्री। इस क्षेत्र मे अधिकतर लोग मजदूर तबके के रहने वाले हैं। दूसरी ओर शक्ति नगर में बीती रात जर्जर दीवार को निगम की जेईएन महिमा शर्मा ने जेसीबी बुलाकर गिरा दिया, अगर दीवार को नहीं गिराया जाता तो एक बडा हादसा भी हो सकता था।

अजमेर में बुधवार दोपहर को आधे घंटे बरसात हुई जिसके कारण फिर से पानी का भराव हो गया है, पहले से बरसात के कारण शहर की कॉलोनियो व गलियो मे भरा पानी लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

# नो एंट्री में घुसी कार ने स्कूटी को टक्कर मारी

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के गांधी चौक इलाके के नो एंट्री जोन में घुसी एक कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जब नो एंट्री पर घुसने पर कार को एक ट्रेफिक पुलिसकर्मी ने रोकने का प्रयास किया तो उस पर भी कार चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन जैसे तैसे ट्रेफिक पुलिसकर्मी ने अपनी जान बचाई। इसके बाद कार को लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिसकर्मी ने बताया कि बुधवार दोपहर को एक कार नो एंट्री जोन में घुस गई। वह मौके पर तैनात था। पहले तो इस कार ने एक स्कूटी को टक्कर मारी। स्कूटी पर एक महिला और एक पुरूष था जो गिर गए।

# होमगार्ड की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**दौसा,** (निसं)। मानपुर थाना पुलिस ने होमगार्ड संतोष शर्मा की हत्या के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिकराय में गश्त कर रहे होमगार्ड जवान को टक्कर मारकर हत्या करने वाले गिरोह का यह बदमाश 10 हजार रुपये का इनामी है।

थानाधिकारी सुरेश कुमार के अनुसार इस बदमाश को प्रोडेक्शन वारंट पर केन्द्रीय जेल अलवर से गिरफ्तार किया गया है। मामले के अनुसार 25 अक्टूबर 2023 को विधानसभा चुनाव और त्योहारों के दौरान सिकराय में गश्त के दौरान होमगार्ड संतोष और अन्य जवानों पर हमला किया गया था। काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार बदमाशों ने रात के समय रोड पर गाड़ी चढ़ाकर संतोष को मारा और फिर अस्पताल रोड की तरफ भाग गए। पूर्व में इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। तीसरे आरोपी इस्ताक उर्फ नन्दड, जो कि सिंगार, थाना बिछौर जिला नूंह मेवात हरियाणा का निवासी है को अब प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। टीम में थाना प्रभारी मानपुर सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल हरिओम, कांस्टेबल राधेश्याम, सोहनलाल शामिल थे।

- **पूर्व में इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है**

# आकाशीय बिजली गिरने से दो घायल

**भांडारेज,** (निसं)। क्षेत्र के गांव खारंडी की ढाणी मांजरया में पास ही भैंस चराने गये महिला एवं पुरुष पर आकाशीय बिजली गिर गई। आकाशीय बिजली गिरने से भैंस चरा रहे बनाराम गुर्जर (60) पुत्र गोपाल लाल गुर्जर व वहीं पास में भैंस चरा रही मौसम देवी (35) पत्नी राजेंद्र उर्फ राजू गुर्जर के उपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे वे घायल हो गए। महिला तलाई पर छाते के निचे बैठकर भैंस चरा रही थी। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से छाते के भी टुकड़े हो गए। सूचना मिलते ही आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। घायल अवस्था में भैंस चरा रही मौसम देवी व बना राम को घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से बना राम गुर्जर को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

# सूने मकान में हुई चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात सहित तीन लाख रूपए चोरी करने के मामले में सिंघाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मकान को सूना देखकर वारदात को अंजाम दिया था।

थानाधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि इसी 22 जुलाई को वार्ड नौ सिंघाना निवासी पुनित कुमार ने रिपोर्ट दी कि 21 जुलाई को वह और उसके परिवार के लोग किसी काम से सीकर गए हुए थे। रात करीब एक बजे वह घर पहुंचे तो घर के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने उसके छोटे भाई की पत्नी वनीता के सारे गहने तथा घर में रखे तीन लाख रूपए नकद व ढाई सौ ग्राम चांदी की पायजेब चोरी कर ले गए। थाने में मामला दर्ज होने के बाद झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस को सूचना मिली कि चोरी के आरोपी क्षेत्र में आए हुए हैं, जिस पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए से वार्ड 13 बनवास निवासी कृष्ण कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार मीणा व वार्ड 13 गुजरवास निवासी शेखर वाल्मिकी पुत्र रतनलाल को घर में घुसकर चोरी करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी शेखर वाल्मिकी के खिलाफ पूर्व में भी गुढ़ागौड़जी थाने में चोरी करने का मामला दर्ज है।

# वाहन पलटने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल

## गंभीर अवस्था में एक घायल को जयपुर रैफर किया, आठ लोगों का उपचार जारी



घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल में भर्ती कराया।

**करौली,** (निसं)। करौली में पांचना बांध के समीप सेंगरपुरा मोड़ पर अनियंत्रित होकर एक किसान बुग्गा पलट गया। किसान बुग्गा के पलटने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल लाया गया है, जहां सभी घायलों का उपचार चल रहा है।

घायल मठ गुर्जा गांव से कैलादेवी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। करौली हॉस्पिटल पीएमओ डॉक्टर रामकेश मीणा ने बताया कि मठ गुर्जा निवासी कुछ लोग एक किसान बुग्गा में सवार होकर कैला देवी दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान पांचना बांध के पास जैसे ही किसान बुग्गा सेंगर पुरा रोड से पांचना बांध के तीखे मोड़ और चढ़ाई पर चढ़ा, अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गया। किसान बुग्गा पलटने से करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल लाया गया। जहां से लक्ष्मण पुत्र बत्तू को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर किया है, जबकि शेष आठ लोगों का उपचार चल रहा है। घायलों में रामरूप पुत्र सूरज निवासी मठ गुर्जा, मनीराम पुत्र रामजीलाल, लक्ष्मण पुत्र बत्तू प्रजापत, शिवराज पुत्र रामरूप, भूरा पुत्र हरदयाल प्रजापत, विजय पुत्र भूरा, अमरसिंह पुत्र साधू, उदय पुत्र साधू और मिथिला पुत्री राम सिंह निवासी मठ गुर्जा शामिल है।

- **किसान बुग्गा सवार लोग मठ गुर्जा गांव से कैलादेवी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे**

# बोलेरो और लोडिंग टेंपो में भिड़ंत, एक की मौत, 14 जने घायल

**करौली,** (निसं)। करौली-सरमथुरा मार्ग स्थित एनएच-23 कोंडर मोड़ टोल प्लाजा के पास एक बोलेरो और लोडिंग टेंपो में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो और बोलेरो में सवार 14 से अधिक लोग घायल हो गए, जबकि एक तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई। दो को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर कर दिया, जबकि शेष घायलों को उपचार के लिए करौली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही करौली सदर और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। सभी घायलों का करौली अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करौली हॉस्पिटल पीएमओ डॉ. रामकेश मीणा ने बताया कि पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक लोडिंग टेंपो धौलपुर से कैला देवी की ओर जा रहा था, जबकि बोलेरो करौली से सरमथुरा की ओर जा रही थी। इस दौरान कोंडर मोड़ के पास टोल नाके से आगे लोडिंग टेंपो और बोलेरो में भिड़ंत हो गई।

दुर्घटना में 14 लोग घायल हो गए, जबकि एक बालक की मौत हो गई और दो को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर किया है। दुर्घटना में काजल पत्नी उमाशंकर कुशवाहा निवासी कटरा अड्डा थाना मनियां, राजवती पत्नी मनोज निवासी मनियां, उमाशंकर पुत्र बनवारी निवासी मनियां, रिंकू पुत्र सिद्धार्थ निवासी मनियां, हिम्मत पुत्र बनवारी निवासी मनियां, शीला पत्नी बनवारी निवासी मनियां, सुक्कन पुत्र ज्वाला सिंह निवासी सैया उत्तर प्रदेश, प्रीति पत्नी सुक्कन निवासी सैंया उत्तर प्रदेश, अजय पुत्र माता प्रसाद सैंया उत्तर प्रदेश, मदन कृष्ण पुत्र लखन लाल गोयल निवासी सरमथुरा, पवन पुत्र बद्री भाऊआपुरा मासलपुर और हेमेंद्र पुत्र केदार व्यास निवासी चांदपुरा सरमथुरा घायल हुए हैं, जबकि पीयूष (3) पुत्र उमाशंकर की मौत हो गई।

- **दो को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर किया, शेष घायलों को करौली अस्पताल में भर्ती कराया**
- **लोडिंग टेंपो धौलपुर से कैला देवी की ओर जा रहा था, बोलेरो करौली से सरमथुरा की ओर जा रही थी**

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों के 68 लाख बच्चों को मोटा अनाज कब मिलेगा?

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मोटा अनाज देने की घोषणा की थी, लेकिन इसके आदेश जारी नहीं हुये

**बीकानेर,** (निसं)। पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के तहत सरकारी स्कूलों में 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को अभी पाउडर का दूध ही पीना होगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मोटा अनाज देने की घोषणा की थी, लेकिन इसके आदेश फिलहाल जारी नहीं किए गए हैं।

- **6 सितंबर को आयुक्त मिड डे मील कार्यालय से पाउडर का दूध आवंटित करने के आदेश ही जारी हो गए**
- **मिड डे मील आयुक्त विश्व मोहन शर्मा ने 50 जिलों के लिए 65 लाख 39 हजार 585 किलोग्राम पाउडर मिल्क का आवंटन फरवरी 2025 तक के लिए किया है**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक सितंबर को घोषणा की थी कि बच्चों को पाउडर का दूध अच्छा नहीं लगता। इसे लेकर शिकायतें मिलने की बात भी कही थी। छह सितंबर को आयुक्त मिड डे मील कार्यालय से पाउडर का दूध आवंटित करने के आदेश ही जारी हो गए। मिड डे मील आयुक्त विश्व मोहन शर्मा ने 50 जिलों के लिए 65 लाख 39 हजार 585 किलोग्राम पाउडर मिल्क का आवंटन फरवरी 2025 तक के लिए किया है। सभी जिला शिक्षा शिक्षाधिकारियों से स्कूलवार डिमांड मांगी गई है। योजना के तहत राजकीय विद्यालय, मदरसों, संस्कृत स्कूल, विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में बाल वाटिका एवं कक्षा एक से आठवीं तक पढ़ने वाले बालकों सप्ताह में छह दिन पाउडर मिल्क से तैयार दूध पिलाया जाता है। इनकी 65 प्रतिशत उपस्थिति के साथ 95 दिन की डिमांड भेजने के निर्देश हैं। पाउडर मिल्क की खरीद राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (आरसीडीएफ) से की जा रही है। पांचवीं तक के बच्चों को 15 ग्राम पाउडर दूध से 150 एमएल दूध तथा छठी से आठवीं तक के बच्चों को 20 ग्राम पाउडर दूध से 200 एमएल दूध तैयार कर पिलाने का प्रावधान है।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री बोल गोपाल दूध योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के तहत कक्षा एक से आठवीं के करीब 68 लाख बच्चों को स्कूलों में पाउडर दूध वितरित किया जाता है। भाजपा सरकार ने अब इस योजना का नाम पन्नाधाय बाल गोपाल योजना कर दिया है। सरकार अब दूध की जगह मोटा अनाज देने पर भी विचार कर रही है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इसको लेकर पिछले दिनों बयान जारी किया था। हालांकि इस संबंध में अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुए हैं। मोटा अनाज कब से दिया जाएगा, यह भी स्पष्ट नहीं है। मिड डे मील अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। हमने शिक्षा मंत्री से बात करनी चाही, लेकिन वे उपलब्ध नहीं हुए।

बीकानेर जिले के लिए 1 लाख 98 हज ाार 915 किलो पाउडर दूध का आवंटन किया गया है। अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक पद्मा तलवानी ने बताया कि दूध की स्कूलवार डिमांड मांगी गई है। तीन दिन में यह डिमांड भेज दी जाएगी। बीकानेर जिले को श्रीगंगानगर डेयरी से पाउडर दूध का आवंटन होता है।

डॉ. आशीष व्यास, उपायुक्त, मिड डे मील का कहना है कि पन्नाधाय योजना के तहत सभी जिलों को पाउडर मिल्क का आवंटन जारी किया गया है। मोटा अनाज देने को लेकर सरकार के दिशा निर्देश मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।